श्रीमती वसुन्धरा राजे
मुख्यमंत्री, राजस्थान

JAIPUR METRO

श्री श्रीचन्द कृपलानी
स्वायत्त शासन, नगरीय विकास
एवं आवासन मंत्री
राजस्थान सरकार



विगत 4 वर्ष की उपलब्धियां

(दिसम्बर, 2017)

सुराज के
4 साल

सोच नई,
काम कई.

JAIPUR METRO

गत 4 वर्ष में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय एवं अर्जित उपलब्धियां

1. जयपुर मेट्रो रेल परियोजना (फेज-1ए) मानसरोवर से चांदपोल तक (9.6 कि.मी.) के कोरीडोर के समस्त निर्माण कार्य पूरे कराकर, संचालन की संरक्षा प्रमाणीकरण के बाद, इसका व्यावसायिक संचालन दिनांक 03 जून, 2015 को माननीय मुख्यमंत्री महोदया द्वारा हरी झण्डी दिखाकर प्रारम्भ किया गया। गत 29 माह में बाधा रहित एवं दुर्घटना रहित मेट्रो संचालन के दौरान 192.17 लाख यात्रियों ने 1,18,261 ट्रेनों से यात्रा की है।

2. मेट्रो कॉरिडोर के साथ-साथ यातायात के सुचारू संचालन हेतु अजमेर रोड पर सोड़ाला से अजमेर पुलिया के मध्य डबल डेकर एलीवेटेड कोरीडोर पर बीआरटीएस सड़क मार्ग पर हल्के वाहनों का सुगम आवागमन प्रारम्भ किया गया।

3. छोटी चौपड़ व बड़ी चौपड़ पर पुरातात्विक रूप से उपयुक्त तरीके से खुदाई कर करीब 150 वर्ष पूर्व जमीदोज हो चुके दो पुराने ऐतिहासिक जलकुण्डों को बाहर निकाला गया है। जयपुर वासियों की इस खोई हुई धरोहर को बहाल करने हेतु चौपड़ों पर मेट्रो की खुदाई के दौरान अनावृत्त हुये इन दोनों जलकुण्डों को मेट्रो कार्य पूर्ण होने के उपरान्त उसी स्थान पर मूल स्वरूप में पुनर्स्थापित करने का निश्चय किया गया है।

4. छोटी चौपड़ व बड़ी चौपड़ पर मेट्रो स्टेशनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। दोनों स्टेशन पर उपरी छत डाल कर यातायात चालू कर दिया गया है।

5. जयपुर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट फेज-1बी के कार्य को गति प्रदान की गई। चांदपोल से बड़ी चौपड़ के मध्य टनल बोरिंग मशीन द्वारा बनने वाली टनल की खुदाई का कार्य दोनों टीवीएम मशीनों द्वारा पूर्ण कर लिया गया है।

6. राजस्व अर्जन के लिए मेट्रो स्टेशन पर बैंक एटीएम, टेलीकॉम टावर आदि के लिये जगह किराये पर देने के अनुबंध किये गये। इसी उद्देश्य से ट्रेन के अन्दर एवं स्टेशन के अन्दर विज्ञापन के अधिकार देने के लिये अनुबंध किये गये।

7. भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय द्वारा जयपुर मेट्रो को बेस्ट अरबन मॉस ट्रांजिट प्रोजेक्ट कैटेगरी में Commendable emerging initiative के रूप में विशेष अवार्ड दिनांक 27.11.2015 को नई दिल्ली में प्रदान किया गया।

8. राजस्थान सरकार निदेशालय विशेष योग्यजन द्वारा दिनांक 07.12.2015 को वर्ष 2015-16 हेतु जयपुर मेट्रो को विशेष योग्यजनों हेतु बाधामुक्त वातावरण निर्मित करने के लिए किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिये प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

9. जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को दिनांक 11.12.2015 को जयपुर में आयोजित 13वीं अंतर्राष्ट्रीय Sustainable Habitat & Smart City "Municipalika - 2015" प्रदर्शनी में Best City Initiative पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

10. 14 दिसम्बर, 2016 को ऊर्जा संरक्षण दिवस पर जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को राजकीय विभाग श्रेणी में बिजली बचत के अनूठे एवं नये आयामों को अपनाने के कारण अपने संचालन के प्रथम वर्ष में ही राज्य स्तर पर राजस्थान ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार-2016 से सम्मानित किया गया।

11. फेज-2 के लिये विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की समीक्षा हेतु अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का कंसल्टेन्ट नियुक्त किया गया है।



गत चार वर्ष में किए गए नवाचार

- 'डिजिटल इंडिया' मिशन के तहत जयपुर मेट्रो में यात्रियों की सुविधा हेतु स्वचालित टिकिट वेन्डिंग मशीन (टीवीएम) एवं स्मार्ट कार्ड का प्रावधान किया गया है। वर्तमान में जयपुर मेट्रो के करीब 53 प्रतिशत यात्री टीवीएम का उपयोग कर रहे है और करीब 68 हजार मेट्रो यात्रियों के पास स्मार्ट कार्ड हैं जो मेट्रो स्टेशन पर एवं घर बैठे कहीं से भी ऑनलाइन वेब रिचार्ज किये जा सकते है।
- 'बिजली बचाओ देश बनाओ' अभियान के तहत 12800 एलईडी लाइट्स जयपुर मेट्रो के 9 किलोमीटर लम्बे एलीवेटेड मार्ग पर लगाई गई है।
- "Multi-Modal Transport System" के अंतर्गत जयपुर मेट्रो व भारतीय रेलवे के यात्रियों को एक ही जगह पर टिकिट उपलब्ध कराने के लिये एक दूसरे की टिकिट वेंडिंग मशीने, मेट्रो के स्टेशन व भारतीय रेल के जयपुर रेलवे जंक्शन पर शुरू की गई है। इसी प्रकार की सुविधा सिंधी केम्प मेट्रो स्टेशन पर भी प्रारम्भ की गई।
- "Green Energy" को प्रोत्साहित करने हेतु मानसरोवर मेट्रो डिपो की छत पर 18 दिसम्बर, 2015 से 100 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट कार्यरत है, जिससे प्रति माह 12,000 यूनिट बिजली उत्पादन हो रहा है।
- 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' मिशन के उद्देश्यों की पूर्ति के लिये, जयपुर मेट्रो के श्याम नगर स्टेशन को ''महिला शक्ति मेट्रो रेलवे स्टेशन'' बनाया गया है।
- धात्री महिलाओं के लिए मानसरोवर एवं चांदपोल पर निःशुल्क बेबी फीडिंग रूम (अमृत कक्ष) तथा प्रत्येक ट्रेन में अलग से चार सीटें चिह्नित की गई है।
- मेट्रो ट्रेनों में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगों के लिए आरक्षित की गई है।

जयपुर मेट्रो की डबल डेकर संरचना का विहंगम दृश्य

माननीय मुख्यमंत्री महोदया द्वारा जयपुर मेट्रो परियोजना की प्रगति की समीक्षा

चार दीवारी में फेज 1बी के तहत बनाई गयी टनल

ACS, UDH द्वारा स्टेशन निर्माण कार्य का निरीक्षण

JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

खनिज भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर

दूरभाष : 0141–5192101, 2385790 वेबसाइट : www.jaipurmetrorail.in